Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding demand for banning a TV serial on a Private Channel

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर): माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से एक संवेदनशील विषय की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहूँगा ।

हमने देखा कि आज देश में सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए जिस तरह की फिल्में, टीवी धारावाहिक आदि दिखाए जा रहे हैं, उनमें हमारे इतिहास के साथ छेड़खानी की जाती है । उस फिल्म या सीरियल को हिट कैसे करें, इसके लिए प्रयास किये जाते हैं ।

मैं ऐसा ही एक उदाहरण देना चाहता हूँ । सोनी टीवी पर पुण्य श्लोक अहिल्याबाई नामक टीवी धारावाहिक प्रसारित किया जा रहा है, उसमें 17 नवम्बर, 2022 के एपिसोड में हमारे राजस्थान के भरतपुर के अजेय योद्धा महाराजा सूरजमल जी के इतिहास को गलत रूप से प्रस्तुत किया गया है, जिसको लेकर राजस्थान सहित देश भर में महाराजा सूरजमल जी में आस्था रखने वाले लोगों और जाट समाज सहित सर्व समाजों में भारी रोष व्याप्त है ।

महोदय, इससे पूर्व पानीपत फिल्म में भी महाराजा सूरजमल जी के इतिहास को गलत रूप से दर्शाया गया था, जिसका सड़क से लेकर इस सदन तक हमने भी विरोध किया और तमाम लोगों ने भी विरोध किया कि इस तरह से नहीं होना चाहिए । बाद में, हम प्रधानमंत्री जी और गृह मंत्री जी से मिले और उसके दृश्यों को हटाया गया ।

मेरा निवेदन है कि इस तरह से सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस देश की रक्षा के लिए बलिदान देने वाले योद्धाओं के इतिहास को गलत रूप से फिल्म या धारावाहिक के माध्यम से प्रस्तुत करने वाले लोगों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए ।

सोनी टीवी पर प्रसारित होने वाले पुण्य श्लोक अहिल्याबाई नामक धारावाहिक के निर्माता-निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी जाए, इसके प्रसारण पर रोक लगायी जाए । इसके साथ ही, जिस एपिसोड में महाराजा सूरजमल जी के इतिहास को गलत रूप से दिखाया गया है, उसको सभी प्लेटफॉर्म्स से हटाया जाए और इसके निर्माता-निर्देशक पूरे देश से माफी मांगें क्योंकि महाराजा सूरजमल जी ऐसे योद्धा और शासक थे, जिन्होंने अपने जीवन में एक भी युद्ध नहीं हारा और हमेशा देश की अखंडता की रक्षा की और महाराजा सूरजमल जी का अपमान किसी भी रूप में देश में स्वीकार्य नहीं है । महाराजा सूरजमल जी एक धर्म रक्षक और अजेय योद्धा थे ।

मेरा निवेदन है कि राजस्थान पत्रिका एवं देश के प्रमुख अखबारों ने इसे प्रमुखता से उठाया और सरकार से मेरी मांग है कि सोनी टीवी के इस सीरियल को बैन किया जाए क्योंकि देश के नवयुवकों के

अन्दर भारी रोष है और इसकी पुनरावृत्ति न हो ताकि देश की कानून-व्यवस्था न बिगड़ सके ।